हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 16 मार्च 2026

04 गगन जन सेवा समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क...



07 लोक अदालत में न्यायालय ने फिर पिरोई 8 दंपती के...





## सिद्धपुर मांझी आदिवासी समाज ने एक दिवसीय पंचायत आयोजित की, समाजजन शामिल हुए

# मांझी समाज की एकता की पुकार: सम्मेलन में समाहित जातियों को जनजाति दर्जा दिलाने की उठाई आवाज

पंचायत के दौरान समाज के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष के समक्ष शहर में मांझी समाज के लिए एक सामुदायिक भवन बनाने की मांग प्रमुखता से रखी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सिद्धपुर मांझी आदिवासी समाज संघ की एक महत्वपूर्ण पंचायत रविवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी रोड स्थित होटल सिल्वर इन में आयोजित हुई। इस पंचायत में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी एकता और अधिकारों की आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत करते हुए अपनी विभिन्न सामाजिक और विकास से जुड़ी मांगों को उनके सामने रखा। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश रायकवार, महासचिव संतोष रायकवार,मनोज बाथम, मीडिया प्रभारी सुजीत रायकवार, राजेश मांझी सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

पंचायत के दौरान समाज के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष के समक्ष शहर में मांझी समाज के लिए एक सामुदायिक भवन बनाने की मांग प्रमुखता से रखी। समाज के प्रतिनिधियों का कहना था कि सामुदायिक भवन बनने से समाज के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक स्थायी स्थान मिलेगा। कहा कि मांझी समाज का शहर में बड़ा योगदान रहा है और उनके लिए एक सामुदायिक भवन बनना उनके सम्मान और पहचान से जुड़ा विषय है।



### समाहित जातियों को जनजाति का दर्जा देने की मांग

आयोजन में समाज के वरिष्ठ सहयोगी अमन लोरिया सहित समाज के लोगों ने ऐतिहासिक रूप से मांझी जनजाति से जुड़ी ढीमर, भोई, केवट, कहार और मल्लाह जातियों को भी अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग उठाई। सामाजिक संगठनों का कहना है कि संविधान के अनुच्छेद 342 के अंतर्गत वर्ष 1950 में मांझी जनजाति को मान्यता दी गई थी। कई ऐतिहासिक दस्तावेजों और जनगणना अभिलेखों में इन जातियों को मांझी समुदाय के साथ समाहित बताया गया है। इसके बावजूद आज भी इन समुदायों को जनजातीय अधिकारों और सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। समाज के लोगों ने सरकार से मांग की कि उच्चस्तरीय जांच कर इन जातियों को मांझी के मूल समुदाय के रूप में मान्यता दी जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

### मीडियाकर्मियों का सम्मान

कार्यक्रम में समाज की ओर से आयोजन में शामिल मीडियाकर्मियों का भी सम्मान किया गया। समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश रायकवार और अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भगवान निषाद राज की प्रतिमा भेंट कर पत्रकारों को सम्मानित किया। इस दौरान समाज के लोगों ने एक स्वर में अपनी प्रमुख मांगों को सरकार तक पहुंचाने की अपील भी की। पंचायत का समापन समाज की एकता, सम्मान और अधिकारों की भावना के साथ हुआ।

### पदाधिकारियों और समाजजनों की रही सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम में समाज के अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। इनमें अध्यक्ष ओमप्रकाश रायकवार, मुख्य संरक्षक मनोहर रायकवार (बाबा), वरिष्ठ उपाध्यक्ष गेंदालाल रायकवार और मधु रायकवार, कोषाध्यक्ष यागेश रायकवार, आशीष रायकवार और गोविंदा रायकवार, महासचिव संतोष रायकवार (मंडी) के साथ मनोज बाथम, सुजीत रायकवार और राजेश मांझी शामिल रहे। इसके अलावा संरक्षक गोपाल रायकवार, घासीराम (घनश्याम) रायकवार, रामदयाल नाविक, लक्ष्मण सिंह रायकवार और राम बाथम भी उपस्थित रहे। संगठन मंत्री विजय रायकवार के साथ गुड्डा रायकवार, अनिल रायकवार, नरेंद्र बाथम, गणेश रायकवार, मनोज केवट, अजय रायकवार, पवन केवट, हेमंत रायकवार और विनोद रायकवार सहित समाज के कई अन्य सदस्य भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने आश्वासन दिया

मीडिया प्रभारी सुजीत रायकवार ने बताया कि कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने समाज की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि नगर पालिका स्तर पर सामुदायिक भवन निर्माण की दिशा में सकारात्मक पहल की जाएगी। उन्होंने बताया कि समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए शहर के पुराने बस स्टैंड का नामकरण निषाद राज चौराहा किया जा चुका है। साथ ही मछली बाजार स्थित मार्केट को भी व्यवस्थित रूप देने की योजना पर काम करने की बात कही। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि मांझी जनजाति से जुड़ी अन्य जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग सरकार के समक्ष रखी जाएगी।

### समाज में कुरीतियों को समाप्त करने पर भी चर्चा

पंचायत के दौरान समाज के विकास और सामाजिक सुधार को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने और नई पीढ़ी को शिक्षा व जागरूकता के माध्यम से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। अध्यक्ष ओमप्रकाश रायकवार सहित अन्य वरिष्ठ लोगों ने समाज को संगठित रहकर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### दुकानदारों को दिया फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आगामी 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर सलकनपुर स्थित विजयासन देवी मंदिर पर में आयोजित मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी क्रम में एसडीईआरएफ के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सलकनपुर के दुकानदारों के साथ बैठक कर उन्हें अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान दुकानदारों को आग से बचाव के उपायों और आपात स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि मेला अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा है कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

## गणगौर पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा

**सीहोर।** अग्रवाल महिला मंडल और माहेश्वरी मंडल द्वारा सीहोर में परंपरा अनुसार गणगौर पर्व मनाया जा रहा है। जिसमे रविवार को गणगौर शोभा चांडक के निवास स्थान पर स्वागत किया गया।

गणगौर में महिलाओं ने पहले पारस्परिक गीत गाये और बाद में ईशर गौरा को झाले दिए जिसमे महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ गणगौर पर्व को बनाया। इस पर्व में सभी सोलह श्रृंगार करके महिलाए अपने घर से निकलती है।

अग्रवाल पंचायती भवन से गणगौर लेकर सभी ढोल ढमाके के साथ गणगौर लेकर बाघ बगीची में जाते हैं। सोमवार को गणगौर ज्योति अग्रवाल के अग्रसेन ट्रेडिंग निवासस्थान इंग्लिशपुरा जाएगी।



रुक्मणी रोहिला अध्यक्ष अग्रवाल महिला मंडल, अमिता अरोरा, नमिता राय, सोनल राठौर, शालिनी माहेश्वरी, प्रेमलता रूठिया, तारा अग्रवाल, मालती अग्रवाल, संध्या मोदी, मंजू भारतीय, ज्योति रूठिया, मधु गोयल, ममता पितलिया सभी ने उस पर्व को मनाने की कामना की है।

### भूमि विवाद में बड़े भाई और भतीजे ने किया जानलेवा हमला

**इछावर।** सीहोर जिले के इछावर थाना क्षेत्र के भाऊंखेड़ी गांव में मकान की भूमि विवाद को लेकर एक युवक पर उसके ही बड़े भाई और भतीजे ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक को गंभीर घोंटें आई है। युवक को गंभीर हालत में भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर हिरासत में ले लिया और पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव भाऊंखेड़ी के आरोपी लखनलाल का अपने ही छोटे भाई मनोहर वर्मा से मकान की जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। इसी के चलते शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे पीड़ित अपने दुकान पर बैठा था, इसी दौरान आरोपी लखन पिता गंगाराम और उनके पुत्र कृष्णपाल ने युवक पर चाकू और गुप्ती से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और लहुलुहान होकर जमीन पर गिर गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इछावर अस्पताल पहुंचाया जहां हालत गंभीर होने के कारण युवक को भोपाल रेफर किया गया जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और पुछताछ की जा रही है।

### संयुक्त मोर्च के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा

**सीहोर।** संयुक्त मोर्चे के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्देश अनुसार शिक्षा अधिनियम के प्रावधान अनुसार कक्षा 1 से आठवीं तक के प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है यह गलत है, क्योंकि वर्ष 1998, 2001 और 2003 में जिन शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। वह उस समय की सेवा शर्तों के अनुरूप की गई थी उन पर यह प्रावधान लागू किया जाना ठीक नहीं है। इस पर मंत्री ने यह आश्वासन दिया कि जिन शिक्षकों को सेवा करते हुए 20 से 25 साल हो गए हैं। अब उनकी परीक्षा ली जाना ठीक नहीं है। इस संबंध में मैं मुख्यमंत्री जी से चर्चा करूंगा। प्रतिनिधि मंडल ने यह भी आग्रह किया मानवीय आधार पर अन्य प्रदेश सरकार की तरह मध्य प्रदेश सरकार भी पुनर्विचार याचिका दायर दायर करें। प्रतिनिधिमंडल में विश्वजीत त्यागी जिला अध्यक्ष राज्य शिक्षक संघ, संजय सक्सेना जिला अध्यक्ष प्रांतीय शिक्षक संघ, जागेश्वर भगत, अभिषेक भार्गव, मनोज दिसावरी, राजेश राठी, रामनरेश कुशवाहा, राजेंद्र परमार इत्यादि उपस्थित रहे।



## तीन मंडलों में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक प्रशिक्षण दिया

### भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय संगठन के आह्वान पर पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सीहोर जिले के श्यामपुर, इछावर एवं आष्टा ग्रामीण मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया।

जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि सीहोर विधानसभा के श्यामपुर मंडल में रेड रोज स्कूल, इछावर विधानसभा के इछावर मंडल में सरस्वती शिशु मंदिर तथा आष्टा विधानसभा के आष्टा ग्रामीण मंडल में ग्राम भंवरा में प्रशिक्षण वर्ग शिविर आयोजित किए गए। इछावर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास विरानी, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, विधायक प्रतिनिधि विष्णु वर्मा, मंडल अध्यक्ष पंकज नागर सहित विषय वक्ता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी प्रकार श्यामपुर मंडल के उद्घाटन सत्र में सीहोर विधायक सुदेश राय, मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर सहित विषय वक्ता उपस्थित रह। आष्टा ग्रामीण मंडल के ग्राम भंवरा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ अवसर पर आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, मंडल अध्यक्ष हरिओम पिंटू परमार सहित विषय वक्ताओं की उपस्थिति रही।



## 'दिशा' बैठक में बाहरी दखल पर भड़के कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती बोले: अगर भाजपा जिलाध्यक्ष आ सकते हैं तो मुझे भी बुलाए प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित 'दिशा' की बैठक के बाद अब जिले की सियासत गर्मा गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बैठक में नियमों की अनदेखी और भाजपा पदाधिकारियों की मौजूदगी पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि शासकीय बैठकों में बाहरी लोग बेरोकटोक आ-जा सकते हैं तो कांग्रेस को भी जनता की आवाज उठाने के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए।

राजीव गुजराती ने 'दिशा' जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की संरचना का हवाला देते हुए कहा कि इस बैठक में केवल निर्वाचित जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी ही शामिल हो सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कलेक्ट्रेट सभागार में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष और पूर्व जिलाध्यक्ष की मौजूदगी पर सवाल उठाते हुए गुजराती ने कहा अगली बार से शासकीय बैठकों में भाजपा पदाधिकारियों के साथ हमें भी आमंत्रित करें, ताकि हम भी जनता की समस्याओं को प्रशासन के सामने रख सकें।



**शिवराज जी, सीडी नहीं... सीधे नर्मदा किनारे चलकर सच देखें :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा अवैध उत्खनन पर दिखाई गई नाराजगी को गुजराती ने 'खीज मिटाना' करार दिया। गुजराती ने कहा कि केवल फोटो-वीडियो दिखाने से काम नहीं चलेगा। गुजराती ने कहा, आइए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर साथ में नर्मदा क्षेत्र का दौरा करते हैं। जनता के सामने यह सच्चाई आनी चाहिए कि आपके 18 साल के मुख्यमंत्री काल और वर्तमान सरकार में मां नर्मदा का सीना किस तरह छलनी किया गया है।

### सरकार और सिस्टम पूरी तरह फेल

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बैठक में विधायकों द्वारा अपनी ही सरकार के अफसरों पर लगाए गए आरोपों को आधार बनाकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा विधायक सुदेश राय ने खुद स्वीकार किया कि बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी वसूली कर रहे हैं।

विधायक रमाकांत भार्गव को सरकारी योजनाओं की जानकारी तक नहीं दी जा रही। विधायक गोपाल सिंह अपनी विधानसभा के गांवों को योजना में नहीं जुड़वा पा रहे। गुजराती ने कहा कि जब सत्ताधारी दल के विधायक और केंद्रीय मंत्री खुद भ्रष्टाचार और अफसरों की मनमानी की बात कर रहे हैं तो यह साफ है कि प्रदेश सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है।

### भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग

राजीव गुजराती ने मांग की है कि केंद्रीय मंत्री और विधायकों ने जिन अधिकारियों (डीएफओ, माइनिंग और डीडीए) पर भ्रष्टाचार और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं, उनके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज होनी चाहिए और उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने बुधनी-गोपालपुर सडक़ के कछुआ चाल कार्य और क्षेत्र में हो रही वनों की कटाई पर भी गहरी चिंता व्यक्त की।

### प्रधानमंत्री की मंशानुसार नाली से गैस चूल्हा जलाने का भरसक प्रयास किया

# घरेलू रसोई गैस की कमी को पूरा करें व बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाएं: यादव





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव एवं नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर के नेतृत्व में गैस सिलेण्डरों की बड़ती महंगाई और गैस सिलेण्डर की किल्लत से जनहित में केन्द्र सरकार के विरोध में स्थानीय कोतवाली चौराहे पर जमकर नारे बाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही देश में गैस सिलेण्डर आपूर्ति में नाकाम प्रधान मंत्री के द्वारा नाली से गैस बनाने वाले भाषण पर कांग्रेसजनों ने भी नाली में पाइप लाइन डालकर गैस चूल्हा जलाने की कोशिश भी की गई।

इस पर शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की जनता को मूर्ख बनाना बंद करे और घरेलू रसोई गैस की कमी को पूरा करें और बढ़ती कीमतों पर लगाम लगायें। क्योंकि गैस की किल्लत के कारण आम जनता की रसोई प्रभावित हो रही है और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर ने कहा कि केंद्र सरकार आम लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। हमारी मांग है कि घरेलू गैस की आपूर्ति सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाए और कीमतों को नियंत्रित किया जाए ताकि जनता को राहत मिल सके। आज देश की जनता केन्द्र सरकार की विफलता का नतिजा भुगत रही है, जनता अब भलिभांति जान चुकी है कि हमें केवल मूर्ख बनाया जा रहा है, इसका मूहतोड़ जवाब जनता आगामी चुनावों देगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, रमेश गुप्ता, प्रीतम दयाल चौरसिया, मनोज पटेल ब्लाक अध्यक्ष सिद्दिकगंज, नरेन्द्र खंगराले, आरती खंगराले, ममता शर्मा, ईश्वर सिंह चौहान, मुकेश ठाकुर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, मजीद अंसारी, राहुल ठाकुर, आसिफ अंसारी, गजराज परमार, जितेन्द्र परमार, हर्ष गुप्ता, मनीष मेवाड़ा, तनष्कि त्यागी, अनुभव सेन, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



## सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी ने जबलपुर को 96 रन से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के चौथे दिन दो मैच खेले गए। इसमें पहला मुकाबला सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी ने जबलपुर को 96 रन से हराया। इस मैच में अलीफ ने 95 रन विस्फोटक पारी खेली। वहीं तरुण नागर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट हासिल किए। आयोजन समिति की ओर से अतुल त्रिवेदी ने बताया कि शनिवार को पहले मैच में निर्धारित 20 ओवर में सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी ने तीन विकेट खोकर 258 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसमें अयान ने 60 रन, अलीफ हुसैन ने 54 गेंद पर 95 रन की विस्फोटक पारी खेली। इसके अलावा अतुल कुशवाहा 40 रन और आयुष ने 45 रन बनाए थे। इधर जबलपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए देवांश ने दो विकेट और मयंक ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जबलपुर की टीम 16.3 ओवर में 157 रन पर ढेर हो गई। जिसमें विशाल ने 31 रन, साहिल ने 23 रन, मयंक ने 11 रन, निखिल ने 15 रन और प्रदीप ने 19 रन की पारी खेली। इसके अलावा सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए तरुण नागर ने चार ओवर में 24 रन देकर पांच विकेट, आकाश ने दो विकेट और आदित्य ने एक विकेट हासिल किया।

## प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने राजेन्द्र मिश्रा



**सीहोर।** मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी द्वारा जिला सीहोर के कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा में कार्यरत राजेन्द्र मिश्रा सहायक वर्ग-2 को लिपिक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन पर जिला शाखा सीहोर के संरक्षक सुन्दरलाल राठौर, जंग बहादुर सिंह, जिला शाखा सीहोर के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरूण ठाकुर, संतराम जाटव, मुकेश शर्मा, मंसूर अली, ब्रजेश विश्वकर्मा, सिद्धार्थ राठौर, अंशुल शर्मा, उमेश राठौर, राजेन्द्र झलावा, रवि विश्वकर्मा, सीमा विश्वकर्मा, रंजना पारासर, लक्ष्मी साहू, आदित्य करवे, ममता दुबे पाण्डे, अभिजीत सिंह, साधना नगेले, संजय श्रीवास्तव, मिथलेश उईके, कमल परिहार, रविकांद द्विवेदी, सरोज भल्लावी, स्नेहलता सक्सेना, सुदीप तोमर पटवारी, सुरेश राय आदि बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित की है।

### जागो ग्राहक जागो की गूंज: सुरक्षित उत्पाद और जागरूक उपभोक्ता का दिया संदेश

# रैली और प्रदर्शनी: अधिकारियों ने बताए उपभोक्ताओं के लिए छह मूल अधिकार और शिकायतों के उपाय

जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा रैली, संगोष्ठी, कार्यशाला और प्रदर्शनी के माध्यम से उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी दी गई।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, ऑनलाइन खरीदारी के तेजी से बढ़ते चलन और उपभोक्ताओं के सामने आ रहे नए जोखिमों के बीच रविवार 15 मार्च को नगर में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस जागरूकता के संदेश के साथ मनाया गया। जनपद पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की मौजूदगी में "जागो ग्राहक जागो" का संदेश गूंजा और लोगों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यायाधीश अनुराधा गौतम एवं भैरूंदा के नगर परिषद् अध्यक्ष मारुति शिशिर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा रैली, संगोष्ठी, कार्यशाला और प्रदर्शनी के माध्यम से उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और शिकायत के तरीकों से अवगत कराया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में ग्राहक केवल खरीददार नहीं बल्कि पूरी बाजार व्यवस्था की आधारशिला है। यदि उपभोक्ता जागरूक और सतर्क रहेगा तो बाजार में पारदर्शिता, गुणवत्ता और निष्पक्ष व्यापारिक व्यवस्था स्वतः मजबूत होगी। डिजिटल युग में ऑनलाइन खरीदारी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग के कारण उपभोक्ताओं के सामने नई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं, ऐसे में अपने अधिकारों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। अधिकारियों ने बताया कि भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत उपभोक्ताओं को छह मूल अधिकार दिए गए हैं।

इनमें सुरक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, चयन का अधिकार, सुने जाने का अधिकार, निवारण का अधिकार और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार शामिल हैं। इन अधिकारों के माध्यम से उपभोक्ता बाजार में होने वाली अनियमितताओं और धोखाधड़ी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकता है। खाद्य विभाग के अधिकारी प्रकाश सिंह यादव ने उपभोक्ताओं को खरीदारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी वस्तु को खरीदते समय पक्का बिल लेना चाहिए और उत्पाद पर अंकित एमआरपी, निर्माण तिथि, एक्सपायरी डेट तथा गुणवत्ता संबंधी जानकारी अवश्य जांचनी चाहिए। यदि किसी वस्तु में मिलावट, गलत जानकारी या अधिक कीमत वसूली की शिकायत हो तो संबंधित विभाग या उपभोक्ता मंच में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कार्यक्रम में नागरिकों को यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की उपभोक्ता समस्या के समाधान के लिए नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन 1915 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित विभाग द्वारा जांच कर समाधान की प्रक्रिया शुरू की जाती है।

इस दौरान वर्ष 2026 की थीम "सुरक्षित उत्पाद, आत्मविश्वासी उपभोक्ता" पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि इस थीम का उद्देश्य बाजार में सुरक्षित और मानक उत्पादों को बढ़ावा देना तथा उपभोक्ताओं के बीच विश्वास का माहौल बनाना है। साथ ही डिजिटल युग में ऑनलाइन खरीदारी के दौरान सतर्क रहने और साइबर ठगी से बचने के लिए भी लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति विभाग, नापतौल विभाग, शिक्षा विभाग, एलआईसी, जनजातीय कार्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, सहकारिता विभाग तथा न्याय विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित उपभोक्ता अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला आपूर्ति अधिकारी रेशमा भावोर, नापतौल निरीक्षक सत्यपाल शर्मा, मंडल संयोजक जनजातीय कार्य विभाग अर्जुन सिंह सौलंकी, सहायक आपूर्ति अधिकारी प्रकाश सिंह यादव, जनपद सदस्य चेतना अर्जुन सिंह सौलंकी, सुनीता भदौरिया, मप्र वेयरहाउसिंग के शाखा प्रबंधक मंगल सिंह राजपूत, मार्केटिंग संस्था भैरूंदा के प्रभारी प्रबंधक मुकेश पंवार, नान केंद्र प्रभारी ब्रजेश यादव, शिक्षा विभाग के राकेश वर्मा और चन्द्रशेखर शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता, छात्र, छात्रावास अधीक्षक-अधीक्षिकाएं, शासकीय उचित मूल्य दुकानों के विक्रेता तथा बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। अंत में सभी से अपील की गई कि वे अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी समझें और जागरूक उपभोक्ता बनकर एक पारदर्शी और जिम्मेदार बाजार व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

# घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर प्रशासन की सख्ती, छापामार कार्रवाई में 8 सिलेंडर किए जब्त

### कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग की कार्रवाई तेज, 10 दुकानों व होटलों का औचक निरीक्षण



**भैरूंदा।** घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा जिले भर में होटलों, ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में भैरूंदा में खाद्य विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण करते हुए 10 दुकानों और प्रतिष्ठानों की जांच की। जांच के दौरान कई स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया। कार्रवाई करते हुए टीम ने कुल 8 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए और संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई सहायक आपूर्ति अधिकारी प्रकाश यादव के नेतृत्व में खाद्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा की गई। निरीक्षण के दौरान टीम ने होटल, ढाबों और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों में उपयोग किए जा रहे गैस सिलेंडरों की जांच की और नियमों का उल्लंघन मिलने पर तत्काल कार्रवाई की। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरेलू उपयोग के लिए ही निर्धारित हैं। इनका व्यावसायिक गतिविधियों में उपयोग करना नियमों के विरुद्ध है। ऐसे मामलों में सिलेंडर जब्त करने के साथ-साथ संबंधित संचालकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

**जिले में पर्याप्त है एलपीजी गैस की उपलब्धता :** जिला आपूर्ति अधिकारी रेशमा भामोर ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। उन्होंने कहा कि गैस की कमी जैसी कोई स्थिति नहीं है और उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग रोकने के लिए जिले में आगे भी लगातार जांच और छापामार कार्रवाई जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## गगन जन सेवा समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न



**सीहोर।** गगन जन सेवा समिति ने गल्ला मंडी क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन संपन्न हुआ शिविर का शुभारंभ सुरेश गुप्ता, राजेश खंडेलवाल, अनिल पालीवाल एवं गगन जनसेवा समिति के डॉक्टर गगन नामदेव ने दीप प्रज्जन कर किया।

इस शिविर में हीमोग्लोबिन, शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच के साथ साथ नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एल एन नामदेव महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गरिमा नामदेव, फिजिशियन डॉ अमित मोदी डॉ विवेक सक्सेना दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गगन नामदेव डॉ प्रियंका सोनी डॉक्टर शुभम नामदेव ने सेवा प्रदान की। इसी क्रम में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर की टीम द्वारा आंखों की जांच कर रोगियों को उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर में लगभग 500 रोगियों की जांच कर दवाइयों का भी वितरण किया गया। पूर्णतया निशुल्क सेवाएं प्रदान की गयीं।

गगन जन सेवा समिति विगत कई वर्षों से इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करती आ रही है। इस शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले दीपेंद्र बरैया, पवन गुप्ता प्रीतम वर्मा दीपक वर्मा जितेंद्र राठौर, दीपक लोधी, अक्षय साहू, श्रीमती कृष्णा राठौर सहित सभी लोगों का डॉक्टर गगन नामदेव द्वारा आभार व्यक्त किया।

# नेशनल लोक अदालत में 499 प्रकरणों का निराकरण, 1.10 करोड़ से अधिक के सेटलमेंट

### टूटे रिश्ते जुड़े, वर्षों पुराने विवाद मिनटों में सुलझे



**भैरूंदा।** शनिवार को न्यायालय परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में बड़ी संख्या में लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों का निराकरण किया गया। लोक अदालत में कुल 499 प्रकरणों का निपटारा करते हुए 1 करोड़ 10 लाख रुपये से अधिक की सेटलमेंट राशि तय की गई। अदालत की पहल से कई वर्षों से चल रहे पारिवारिक और राजस्व विवाद भी आपसी सहमति से समाप्त हो गए।

लोक अदालत का शुभारंभ जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति उषा तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश आसिफ अहमद अब्बासी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रगति मित्रा सुनमोरिया, अनुराधा गौतम, ईशान ढेंगुला तथा अभिभाषक संघ अध्यक्ष राजेश सेठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, अधिवक्ता और बड़ी संख्या में पक्षकार मौजूद रहे।

**लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों का हुआ निराकरण :** न्यायालयों में लंबित 236 राजीनामा योग्य प्रकरणों में से 150 मामलों का निराकरण किया गया, जिनमें 67 लाख 61 हजार 164 रुपये की सेटलमेंट राशि तय हुई।

इसी प्रकार बैंक, बिजली विभाग और नगर परिषद के जलकर एवं संपत्ति कर से जुड़े 2381 प्री-लिटिगेशन मामलों में से 349 मामलों का निपटारा किया गया। इन मामलों में 43 लाख 34 हजार 496 रुपये की वसूली और समझौता राशि जमा कराई गई।

**न्यायाधीशों की समझाइश से टूटे रिश्ते फिर जुड़े :** लोक अदालत के दौरान न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं की समझाइश से कई वर्षों से चल रहे पारिवारिक और जमीन से जुड़े विवादों का भी सुखद अंत हुआ।

पहले मामले में ग्राम बगवाड़ा निवासी पूजा, जो पिछले चार साल से अपने पति मुकेश पंचोरे से अलग रह रही थी, उनके बीच भरण-पोषण का मामला दो वर्षों से न्यायालय में लंबित था। न्यायाधीश अनुराधा गौतम और अधिवक्ता डी.पी. तिवारी की समझाइश पर दोनों ने आपसी सहमति से विवाद समाप्त किया और एक-दूसरे को माला पहनाकर अपने बच्चों के साथ खुशी-खुशी घर लौट गए।

दूसरे मामले में जमीन के रास्ते को लेकर सगे भाई रामसिंह और कमलसिंह के बीच पिछले पांच वर्षों से चल रहा विवाद समाप्त हुआ। न्यायाधीश उषा तिवारी और अधिवक्ताओं की पहल पर दोनों भाइयों के बीच राजीनामा हुआ। इस अवसर पर न्यायालय ने दोनों भाइयों को "न्याय वृक्ष" भेंट कर विदा किया।

**पांच खंडपीठों में हुई सुनवाई :** तहसील न्यायालय में गठित 5 खंडपीठों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटारा किया गया। उषा तिवारी (प्रथम अपर जिला न्यायाधीश) की खंडपीठ में मोटर दुर्घटना, वैवाहिक और सिविल के 21 प्रकरणों का निराकरण हुआ। आसिफ अहमद अब्बासी (तृतीय अपर जिला न्यायाधीश) ने विद्युत और आपराधिक अपील से जुड़े 52 मामलों का समाधान किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रगति मित्रा सुनमोरिया ने चेक बाउंस और ट्रैफिक चालान सहित 81 मामलों का निपटारा किया। अनुराधा गौतम के न्यायालय में आपराधिक और वैवाहिक श्रेणी के 42 मामलों का निराकरण हुआ। वहीं ईशान ढेंगुला की खंडपीठ में सिविल और आपराधिक श्रेणी के 33 मामलों का समाधान किया गया।

### बैठक आयोजित कर राजेश मोहन शर्मा को बनाया चल समारोह अध्यक्ष

# 20 अप्रैल को उत्साह से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव, निकलेगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




इस वर्ष भी सर्व ब्राम्हण समाज के तत्वाधान में जगत पालक भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान शिव शक्ति के परम शिष्य चिरंजीवी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ 20 अप्रैल सोमवार को मनाया जाएगा। शनिवार को ब्राम्हण समाज द्वारा ब्राह्मण धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई।बैठक में सर्वप्रथम भगवान गणेश, शिव परिवार माता गायत्री व भगवान परशुराम की वेद मंत्र उच्चारित्र कर आचार्य पवन व्यास अशोक पारासर व अन्य पुरोहितों द्वारा पूजा अर्चना करवाई गई। आयोजन की जानकारी देते हुए प्रवक्ता पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि आगामी 20 अप्रैल सोमवार को भगवान परशुराम जी का अभिषेक व महाआरती व 26 अप्रैल रविवार को भव्य रूप से चल समारोह शोभा यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से समाज अध्यक्ष पं. दीपक शर्मा ,धर्मशाला अध्यक्ष पं. मनोहर शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पं.सुदीप व्यास,ग्रामीण अध्यक्ष पं. महेश दुबे महामंत्री पं. रमाकांत समाधिया व वरिष्ठ जनों की उपस्थिती में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से चल समारोह अध्यक्ष राजेश मोहन शर्मा एवं चल समारोह युवा अध्यक्ष तनीष त्यागी व ब्राह्मण समाज संगठन युवा अध्यक्ष रजत व्यास को बनाया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन व मार्गदर्शक राजेंद्र शर्मा गुरु ,सुनील उपाध्याय, दिनेश पाठक,सुनील शर्मा,शैलेश तिवारी,सुनील दुबे,प्रवीण तिवारी, विनय भटेले,मनीष शर्मा, दीपक पुरोहित,अनिल उपाध्याय, अखिल शर्मा, आशुतोष दीक्षित, अतुल विजय शर्मा, गोविन्द शर्मा,सुनील पाराशर, जितेंद्र तिवारी,राजेश तिवारी,रुपेश तिवारी,नवनीत उपाध्याय,राजेश मिश्रा, प्रदीप मिश्रा,मनोज शर्मा,प्रदीप गौतम,मिथलेश शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा,पिंकी शर्मा,ब्रजेश पारासर,राकेश शर्मा,कपिल राजोरिया,हर्षित शास्त्री,नवीन मिश्रा,अरविन्द शर्मा,रविंद्र शर्मा संतोष व्यास,हरीश जोशी,पंकज शर्मा,सतीश भार्गव,नितिन उपाध्याय,सतीश पांडे, मिंटू शर्मा,सक्षम पालीवाल,जगदीश शर्मा,अमन दुबे,ऋषि पारासर, अनिकेत शर्मा,नयन जोशी,शिवम शर्मा, कुंज शर्मा,दक्ष व्यास,अजय दुबे,रवि शर्मा सहित अनेक विप्र बंधु उपस्थित रहे।

# डी फिटनेस जिम के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर, 70 यूनिट रक्त संग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



डी फिटनेस जिम के तत्वावधान में शनिवार, 14 मार्च को सीहोर ब्लड बैंक की टीम द्वारा सिविल अस्पताल भैरूंदा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर डॉ. मनीष सारस्वत के निरीक्षण में आयोजित हुआ, जिसमें युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 70 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी चन्द्रकांत खंडेलवाल, महेंद्र सिंह परिहार तथा भाजपा महामंत्री श्रीमती अलका चौहान ने किया। शिविर की विशेष बात यह रही कि मातृशक्ति की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही और कई महिलाओं ने रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दौरान न्यायाधीश ईशान डोगरे ने भी रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। वहीं सिविल अस्पताल में पदस्थ वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन योगेंद्र कुमार मिश्रा ने 58 वर्ष की आयु में रक्तदान कर सेवा का सराहनीय उदाहरण पेश किया। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में सिविल अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मचारियों और अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा, जिनके प्रयासों से शिविर सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है और ऐसे शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान कार्ड शिविर में 85 छात्राओं के बने कार्ड

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के मार्गदर्शन और एनएसएस प्रभारी डॉ. शांता अहिरवार के निर्देशन में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. पुनीत माहेश्वरी के नेतृत्व में आशा कार्यकर्ताओं की टीम ने छात्राओं का पंजीयन किया। शिविर में 149 छात्राओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 85 छात्राओं के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

### बरवाई सेक्टर में क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण आयोजित

**विदिशा।** मप्र जन अभियान परिषद के अंतर्गत विकासखंड कुरवाई के बरवाई सेक्टर में समृद्धि विकास सहयोग समिति द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का सेक्टर स्तरीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण ग्राम पंचायत भवन बरवाई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव एवं ब्लॉक समन्वयक आशीष जैन ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। प्रशिक्षण में पांचों ग्राम समितियों के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं नवांकुर सखियां शामिल हुईं।

### योजनाओं की जानकारी स्वच्छता की शपथ दिलाई

**विदिशा।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वच्छता, कृषि और आजीविका से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। महिला सदस्यों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन राधेश्याम खंगार, मनरेगा लेखा शाखा से विजय देवरिया, छात्रावास अधीक्षिका वंदना जाधव, सरपंच राहुल गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि, स्व सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

### एक बगिया मां के नाम से मिली नई दिशा

**विदिशा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बूढ़ी बागरोद में संचालित एक बगिया मां के नाम पहल ग्रामीण आजीविका का प्रेरक उदाहरण बन रही है। योजना के तहत हितग्राही चन्द्रमुखी एवं रामेश्वर चिड़ार को वर्ष 2025-26 में कीर्ति स्वयं सहायता समूह के माध्यम से लाभ मिला। उन्होंने अपनी भूमि पर ताइवान पिंक अमरूद के 100 पौधे लगाए हैं, जिनसे डेढ़ से दो वर्ष में उत्पादन मिलने की संभावना है। जैविक उर्वरक व नियमित देखभाल से बगिया तेजी से विकसित हो रही है।

### कृषि सिंचाई योजना से किसान की बढ़ी आय

**विदिशा।** जिले के त्योंदा तहसील के ग्राम बूढ़ी बागरोद के किसान रामेश्वर चिड़ार ने कृषि सिंचाई योजना का लाभ लेकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। पहले वे परंपरागत खेती करते थे, लेकिन विभाग से जुड़ने के बाद उन्हें डायरेक्टर व मल्चिंग सहित वर्मी कंपोस्ट किट की सुविधा मिली। इसके बाद उन्होंने प्राकृतिक और जैविक पद्धति से खेती शुरू की।

### 10 में से 8 प्रकरणों में पति-पत्नी के बीच की गलतफहमियां हुईं दूर

# लोक अदालत में न्यायालय ने फिर पिरोई 8 दंपती के बिखरे रिश्तों की माला

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़





नेशनल लोक अदालत के अवसर पर महिला सुरक्षा शाखा जिला राजगढ़ में आपसी विवादों की सुनवाई के दौरान अलग-अलग रह रहे पति-पत्नी के प्रकरणों का निराकरण किया गया। समझाइश एवं काउंसलिंग के बाद 8 परिवारों को पुनः साथ रहने के लिए राजी किया गया, जिससे उनके परिवारों का विघटन होने से बच गया।

प्रथम न्यायाधीश न्यायालय राजगढ़ द्वारा नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत पति-पत्नी के आपसी विवादों के निराकरण हेतु खंडपीठ क्रमांक-30 का गठन किया गया। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। गठित कमेटी में नेहा गौर (उप पुलिस अधीक्षक अजाक राजगढ़), अधिवक्ता मोहनलाल वर्मा एवं महिला थाना प्रभारी राधिका भगत द्वारा 10 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इन प्रकरणों में पति-पत्नी के बीच आपसी मनमुटाव एवं पारिवारिक विवाद के कारण दोनों पक्ष अलग-अलग रह रहे थे। सुनवाई के दौरान सभी पक्षों को धैर्यपूर्वक सुना गया एवं आपसी समझाइश, काउंसलिंग तथा विश्वास बहाली के प्रयास किए गए। इसके परिणामस्वरूप 10 में से 08 प्रकरणों में पति-पत्नी के बीच की गलतफहमियां दूर हुईं और दोनों पक्ष स्वेच्छा से पुनः साथ रहने के लिए तैयार हो गए।

इसी दौरान एक प्रकरण में एक दंपती के बीच लगभग एक वर्ष से घरेलू विवाद एवं पति द्वारा शराब सेवन के कारण मनमुटाव चल रहा था। लोक अदालत में काउंसलिंग एवं समझाइश के बाद दोनों पक्षों ने भविष्य में विवाद न करने तथा पति द्वारा शराब का सेवन न करने की सहमति दी। दोनों परिवारों की उपस्थिति में पति-पत्नी को राजी-खुशी एक साथ विदा किया गया। नेशनल लोक अदालत के इस प्रयास से 8 परिवारों का टूटता हुआ रिश्ता बच गया, जिससे समाज में आपसी समझ, संवाद और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक संदेश गया।

### श्रम विभाग ने जारी किए निर्देश

# निर्माण आरंभ करने के पूर्व देना होगी सूचना अन्यथा कार्यवाही

**राजगढ़।** श्रम विभाग द्वारा निर्माण स्थलों पर सुरक्षा, स्वस्थ कार्य स्थल बनाने और श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए सुरक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। श्रम सेवा पोर्टल मोबाइल एप्प पर निर्माण स्थल का पंजीयन विवरण, कर्मचारियों की संख्या, स्थान (लोकेशन) सहित अन्य आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है, जिस पर नियोजक श्रमिकों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दे सकते हैं। साथ ही




भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996 के प्रावधानों अनुसार किसी भवन या अन्य सनिर्माण कार्य प्रारंभ करने से कम से कम 30 दिन पूर्व उस क्षेत्र में, जहां प्रस्तावित भवन या अन्य सनिर्माण कार्य किया जाना है, अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक को स्थल, सुरक्षा उपाय सहित समस्त आवश्यक जानकारी साँझा करना अनिवार्य है। निर्माण स्थलों की जानकारी या सूचना एमपीबीओसीडब्ल्यू के ऑनलाइन पोर्टल या जिला श्रम कार्यालय के माध्यम से दी जा सकती है।

### सूचना नहीं दी तो माना जाएगा आदेश का उल्लंघन

सूचना न देने पर निरीक्षण के दौरान नियम उल्लंघन माना जा सकता है और नियोक्ता पर जुर्माना की कार्रवाई हो सकती है। अधिनियम के प्रावधानों अनुसार यदि कोई नियोजक, धारा 46 के अधीन भवन या अन्य संनिर्माण कार्य के प्रारंभकी सूचना नहीं देता है, तो उसे कारावास भी हो सकता है जिसकी अवधि तीन महीने तक की हो सकेगी या जुर्माना दो हजार रुपए तक अथवा दोनों हो सकता है।

### जीरापुर-छापीहेड़ा मार्ग पर सड़क हादसे में महिला की मौत



**जीरापुर।** जीरापुर-छापीहेड़ा मुख्य सड़क मार्ग पर झाड़मऊ जोड़ के पास शनिवार दोपहर तीन बजे के करीब सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक महिला के साथ ढाई साल की एक बच्ची भी थी, जो सुरक्षित पाई गई तथा महिला के हाथ पर मेहंदी से रूपा एवं मनोहर लिखा था। दुर्घटना के बाद 108 वाहन के पायलेट रामबाबू दांगी एवं ईएमटी संजय दांगी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जहां बड़ी संख्या में राहगीर एकत्रित थे तत्काल ढ़ाई वर्षीय बालिका एवं मृतिका महिला को सिविल अस्पताल जीरापुर लाया गया। तथा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। महिला की पहचान लगभग डेढ़ दो घंटे उपरांत हो पाई है। जानकारी के अनुसार झाड़मऊ के आगे निर्माणाधीन टोल के पास यह घटना हुई। सोशल मीडिया पर भी ढ़ाई वर्षीय बालिका का वीडियो वायरल किया गया। जिसके बाद मृतिका महिला की पहचान हुई। मृतिका महिला की पहचान रूपा पति मनोहर वर्मा निवासी बावड़ी खेड़ा थाना माचलपुर के रूप में हुई , जो की सुबह अपने ससुराल बावड़ी खेड़ा से पैदल बच्ची को लेकर छापीहेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खजूरी गोकुल मायके जा रही थी। इसी दौरान मध्य रास्ते में यह दर्दनाक दुर्घटना घटित हुई।

# गैस एजेंसी पर उमड़ी रही उपभोक्ताओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

शहर में शनिवार को भारत गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ देखने को मिली। लोगों के बीच गैस की किल्लत को लेकर चर्चा है। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से गैस की कमी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अफवाहों के चलते उपभोक्ता समय से पहले ही सिलेंडर लेने के लिए पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में कई होटल, ढाबों और दुकानों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। इधर प्रशासन और गैस एजेंसी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि गैस की आपूर्ति




सामान्य है और किसी प्रकार की किल्लत नहीं है। अफवाहों के कारण लोग एक साथ सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं, जिससे भीड़ की स्थिति बन रही है। प्रशासन का कहना है कि यदि कहीं घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पाया जाता है तो संबंधित दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

### इनका कहना है...

घरैलू गैस की कोई कमी नहीं है ये सब अफवाह है। जो लोग साल में 2 टंकी लेते थे वह लोग भी अफवाह के कारण टंकी लेने के लिए आ रहे हैं।


**रेणु दिलीप बंसकार,**
**योगिता गैस एजेंसी संचालक**

### आईटीआई प्रशिक्षण से अग्निवीर बने गौरव

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई विदिशा से प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले के गौरव चिढ़ार का चयन भारतीय सेना के अग्निवीर पद पर हुआ है। गौरव ने वर्ष 2024 में मैकेनिक मोटर व्हीकल ट्रेड से आईटीआई प्रशिक्षण पूरा किया था। इसके बाद उन्होंने अग्निवीर भर्ती में सफलता प्राप्त कर सेना में स्थान बनाया। वर्तमान में वे नासिक स्थित आर्मी मोटर वर्कशॉप में प्रशिक्षण ले रहे हैं, जहां उन्हें प्रशिक्षण अवधि में लगभग 30 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन मिल रहा है। गौरव ने आईटीआई से कौशल हासिल कर रोजगार प्राप्त करते हुए आत्मनिर्भर बनने के साथ अपने परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियां निभाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

# मेंटेनेंस के नाम पर आए दिन कटौती, नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



विद्युत वितरण कंपनी द्वारा राजगढ़ नगर सहित जिले में अमूमन हर हफ्ते घंटों तक मेंटेनेंस कार्य करवाया जा चुका है। इसके बावजूद यह मेंटेनेंस कार्य लगातार जारी है। नगर के कई वार्डों और मोहल्लों में घोषित मेंटनेंस के अलावा भी कई-कई घंटों तक विद्युत सप्लाई बाधित रहने लगी जिससे आम नागरिकों में कंपनी की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्याप्त है।

शनिवार को एक बार फिर से कंपनी द्वारा सुबह मेंटेनेंस के नाम पर कुछ वार्डों की बिजली बंद कर दी गई। हालांकि, कंपनी द्वारा उक्त विद्युत प्रदाय बाधित किए जाने के संबंध में पूर्व सूचना दे दी गई थी लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व के सालों की अपेक्षा इस साल ज्यादा ही कटौती की जा रही है। घोषित कटौती के अलावा भी विभिन्न स्थानों की बिजली कभी भी काट दी जाती है जिसे सुधारने कंपनी के लाइन कर्मचारी काफी समय तक मौके पर नहीं पहुंचते।

### कई शिकायतें लंबित, नहीं दिया जा रहा ध्यान

राजगढ़ शहर वितरण केंद्र की बात करें तो यहां कई उपभोक्ताओं की बढ़े हुए बिजली बिलों, गलत मीटर रीडिंग, खपत से अधिक बिल आने, विद्युत पोलों के आढ़े-टेढ़े होने सहित अन्य प्रकार की अनेकों शिकायतें लंबित पड़ी हुई हैं। लेकिन, विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों लंबित शिकायतों का कोई निराकरण नहीं करवाया जा रहा है।

### कव्वालियों का भी लुफ्त उठा रहे जायरीन

# दिन में फीका रहता है उर्स लेकिन रात में रौनक बरकरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

बाबा बदख्शानी की दरगाह पर इस साल लग रहे 112वें सालाना उर्स की शुरुआत में भले ही जायरीनों की संख्या काफी कम नजर आई थी। लेकिन अब प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग उर्स में मनोरंजन के साधनों का लुफ्त लेने एवं विभिन्न सामानों की खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। दिन के समय अलबत्ता उर्स में पहुंचने वाले लोगों की संख्या काफी कम नजर आ रही है लेकिन शाम एवं रात्रि को हजारों की संख्या में लोग उर्स में पहुंच रहे हैं। दिन में उर्स में भीड़ की कमी का प्रमुख कारण तेज धूप को भी माना जा रहा है। उर्स कमेटी के अनुसार 25 मार्च को उर्स का विधिवत समापन होगा। ऐसे में अभी उर्स मेले में 10 दिन शेष बचे हैं। हालांकि, इसके बावजूद कपड़े, कंबल सहित कुछ अन्य सामानों की दुकानें 30 मार्च तक भी लगी रहने की उम्मीद है। विशेष बात यह भी है कि इस बार के उर्स में किसी तरह की कोई बड़ी घटना, चोरी, छेड़खानी इत्यादि जैसी कोई बड़ी घटना फिलहाल तक नजर नहीं आई।

### 19 से 27 मार्च तक आयोजित होगा 108 कुंडीय यज्ञ

# मां बीजासन भैंसवा माता ट्रस्ट की बैठक में लिए अहम निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

मां बिजासन माता ट्रस्ट भैंसवा माता की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 19 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले पंचम 108 कुंडीय श्री शत चंडी महायज्ञ की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, कलेक्टर एवं माँ बिजासन माता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान बिजली, पेयजल, पार्किंग, साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर लें। बैठक में महायज्ञ के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा समन्वय को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# कार्रवाई : कलेक्टर ने तीन आदतन अपराधियों को किया जिलाबदर

**विदिशा।** जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक के पालन प्रतिवेदन के आधार पर तीन आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की है। जारी आदेश के अनुसार गंगाराम उर्फ राजवीर पिता गनपत सिंह यादव (24) निवासी मोहनगिरि टावर के पास विदिशा तथा नीरज अहिरवार पिता खिलान सिंह अहिरवार (30) निवासी कागदीपुरा थाना कोतवाली विदिशा को तीन-तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। वहीं सौरभ यादव पुत्र श्रीकृष्ण यादव निवासी सागर पुलिया थाना सिविल लाइन विदिशा को छह माह के लिए निष्कासित किया गया है। आदेश के तहत तीनों आरोपियों को विदिशा जिले सहित रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर और राजगढ़ जिलों की राजस्व सीमाओं से निर्धारित अवधि तक बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर प्रशिक्षण दिया



**जीरापुर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर खारपा हाई स्कूल में एलएंडटी कंपनी द्वारा जल बचाओ अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी दुर्योधन साहू, उत्कृष्ट गुप्ता, कुलदीप कुमार, फेजान खान तथा प्राचार्य राधेश्याम पुरविया ने अतिथियों का हार, पुष्पों से स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रहीमदासजी के दोहों से पानी का महत्व बताते हुए जल के महत्व और उसके संरक्षण के तरीकों की जानकारी दी गई। बच्चों को पानी की बॉटल उपहार स्वरूप भेंट की गई। इस अवसर पर शिक्षक शिव सिंह कुशवाह, अभिनय कुमार, विजय जादव, तारीख अंसारी, सुदेव, नागेंद्र, शुभम, गौतम राठौर, हरीश लुहार, अशोक कुमार राठौर, रमेश मालवीय, देवेंद्र जोशी, संजय जोशी, विष्णु दांगी, लाल चंद,सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नए जिनालय में भगवान आदिनाथ नए आसन पर विराजमान

# जन्म कल्याणक पर समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के तृतीय दिवस पर तीर्थंकर भगवान का जन्म कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन बेला में जैसे ही अयोध्या नगरी में राजा नाभिराय की महारानी मरुदेवी के यहां तीर्थंकर बालक का जन्म हुआ, देवराज इंद्र का आसन कम्पायमान हो उठा और तीनों लोकों में आनंद की लहर छा गई।

प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि प्रातः 6 बजकर 18 मिनट पर जन्म कल्याणक की घोषणा प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी विनय भैया द्वारा की गई। इसके साथ ही पांडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं और इंद्र-इंद्राणियों में उत्साह का वातावरण बन गया। राजा नाभिराय द्वारा किमिच्छिक दान की घोषणा की गई तथा हथकरघा के वस्त्रों पर 25 प्रतिशत छूट और जीवदया के लिए गौशाला में दान की घोषणाएं भी की गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सौधर्म इंद्र बालक आदिकुमार को ऐरावत हाथी पर बैठाकर गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण पर निकले। पंचकल्याणक महोत्सव के प्रमुख पात्र अश्वरथों पर अपने परिवारों के साथ सवार होकर शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा जैन महाविद्यालय से प्रारंभ होकर तिलक चौक, माधवगंज और अस्पताल रोड होते हुए पुनः अयोध्या नगरी पांडाल पहुंची, जहां पांडुक शिला पर बालक आदिकुमार का अभिषेक किया गया।

### मुनि ने बताई भगवान आदिनाथ की महिमा

निर्यापक श्रमण मुनिश्री संभवसागर महाराज ने कहा कि भगवान आदिनाथ ने मानव समाज को असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य और शिल्पकला जैसे षट्कर्मों का ज्ञान देकर सभ्यता को दिशा दी। मुनिश्री ने बताया कि वर्ष 2008 में गुरुदेव ने बर्रो वाले बाबा की प्रतिमा की अगवानी की थी और इसे अतिशयकारी प्रतिमा बताते हुए भव्य जिनालय निर्माण की प्रेरणा दी थी। इसी भावना से अशोक जैन (सागर वाले) एवं मोहन जैन द्वारा पाषाण का मंदिर बनवाया गया। चतुर्थ दिवस वैराग्य के दृश्य प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसमें अप्सरा नीलांजना के नृत्य के माध्यम से संसार की असारता दर्शाई जाएगी।

### मस्जिदों में अलग अलग समय पर अता की जाएगी नमाज

**विदिशा।** ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर शहर की मस्जिदों और ईदगाह में नमाज के समय घोषित कर दिए गए हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बाबलू ने बताया कि सभी नमाजी निर्धारित समय पर पहुंचकर नमाज अदा करें। ईदगाह में सुबह 8 बजे नमाज होगी। जामा मस्जिद, मुगलटोला और नूरी रायसेन गेट में 8:15 बजे, झूलनपीर व मदीना मस्जिद में 8:30 बजे, मदनी गुंथन में 8:45 बजे तथा सब्जी फरोशान में 9 बजे नमाज अदा की जाएगी। शिया समाज की नमाज इमामबाड़ा में 10 बजे और बोहरा समाज की नमाज 20 तारीख को सुबह 6:30 बजे होगी। उन्होंने शांति व भाईचारे के साथ ईद मनाने की अपील की।

**खबर संक्षेप**

### परीक्षा में कजलास के अंशू ने किया टॉप



**जावर।** माध्यमिक शाला कजलास के कक्षा 8 वीं के छात्र अंशु खत्री ने मींस कप परीक्षा में टॉप किया है। छात्र की उपलब्धि पर गोपाल सिंह ठाकुर, सुभाष चंद्र शर्मा ,लखन सोलंकी, सुनीता खत्री, दिनेश कुमार कलमोदीया,गजराज सिंह बागवान, राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बधाई दी और छात्र का स्वागत किया इससे पहले भी माध्यमिक शाला कजलास के छात्रों ने ओलंपिड परीक्षा में टॉप किया है।

### जबलपुर ने 23 रन से रिक्की इलेवन को हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. गेंदालाल राय स्मृति लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में रविवार को जबलपुर ने रिक्की इलेवन को 23 रन से हराया। अतुल त्रिवेदी ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी जबलपुर ने 18.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 194 रन बनाए थे। इसमें मुकेश 22 रन, अंकेश ने 26 रन, राजेन्द्र ने 18 रन, राहुल ने 29, प्रदीप ने 24 रन, निखिल ने 15 और साहिल ने 27 रन की पारी खेली थी। इधर रिक्की की ओर से गेंदबाजी करते हुए अर्पित ने चार विकेट, प्रतीक-रविन्द्र ने दो-दो विकेट और रुपेश ने एक विकेट हासिल किया।

### श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में तत्वार्थ सूत्र की परीक्षा का किया आयोजन

# जैन धर्म के मूल सिद्धांतों और तत्वार्थ सूत्र के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना था उद्देश्य

मुनिश्री ने अपने प्रवचन में निमित्त और उपादान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब निमित्त मिलता है तभी उपादान जागृत होता है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। बिना निमित्त के उपादान नहीं बनता और बिना उपादान के निमित्त भी प्रभावी नहीं होता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के नेमिनगर सांई कॉलोनी स्थित श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को तत्वार्थ सूत्र विषय पर श्रावक-श्राविकाओं की परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुई। परीक्षा में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और धर्म अध्ययन के प्रति अपनी रुचि का परिचय दिया। परीक्षा में प्रतिभागियों को तत्वार्थ सूत्र से संबंधित 100 प्रश्नों के उत्तर देने थे। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने एकाग्रता के साथ प्रश्नपत्र हल किया।

आयोजन का उद्देश्य जैन धर्म के मूल सिद्धांतों एवं तत्वार्थ सूत्र के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना तथा धार्मिक अध्ययन की परंपरा को मजबूत करना बताया गया। इस अवसर पर पूज्य वात्सल्य रत्नाकर मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज ने प्रातःकालीन प्रवचन में कहा कि मिथ्यादृष्टि जीव भव्य भी हो सकता है और अभव्य भी। भव्य होने के बावजूद जीव को उपादान का पुरुषार्थ करना पड़ता है, तभी उसका कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि भव्य जीव के साथ रत्नत्रय का होना भी आवश्यक है, क्योंकि रत्नात्रय ही मोक्ष का कारण बनता है। मुनिश्री ने अपने प्रवचन में निमित्त और उपादान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि जब निमित्त मिलता है तभी उपादान जागृत होता है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।

बिना निमित्त के उपादान नहीं बनता और बिना उपादान के निमित्त भी प्रभावी नहीं होता। जो व्यक्ति अपने लक्ष्य को कारण के माध्यम से प्राप्त कर लेता है वही ज्ञानी कहलाता है, जबकि लक्ष्य की प्राप्ति न कर पाने वाला अज्ञानी रहता है। उन्होंने कहा कि बिना ज्ञान के कोई भी कार्य संभव नहीं है। ज्ञान स्वयं में ज्ञान ही होता है, वह न सम्यक्त्व होता है और न मिथ्यात्व। मनुष्य यदि अपनी परिणति को निर्मल बनाता है तो उसका कल्याण निश्चित है। संसार से मुक्ति पाने के लिए अपने श्रद्धान को शुद्ध करना आवश्यक है। मुनिश्री ने सम्यकदर्शन के स्वरूप की व्याख्या करते हुए कहा कि उसके सात स्वरूपों को समझकर और उन पर श्रद्धान करने से आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। सातों तत्व आत्मा के लिए हितकारी हैं और इन्हीं के माध्यम से जीव मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को मुनिश्री का आशीर्वाद प्राप्त हुआ तथा धर्म अध्ययन की इस पहल की सराहना की गई। आयोजन में जैन समाज के अनेक श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

## तेज आवाज में बज रहा था डीजे, पुलिस ने किया जब्त

**कोलाहल अधिनियम के तहत की कार्रवाई**




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा क्षेत्रांतर्गत पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी दामोदर गुप्ता व थाना प्रभारी गिरीश दुबे के मार्गदर्शन में थाना परिसर में समस्त आष्टा क्षेत्र के डीजे संचालकों व शादी, मैरेज गार्डन संचालकों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान सभी को निर्देशित किया गया था कि आगामी कक्षा 10वीं, 12वीं की परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए तथा शासकीय भवन जैसे अस्पताल, न्यायालय, स्कूल, थाना आदि के आसपास डीजे बजाना प्रतिबंधित रहेगा। उक्त निर्देशों के बावजूद कन्नौद रोड मुकाती एवेन्यू मे फौजी डीजे द्वारा रात्रि लगभग 8 तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। आमजन की सूचना पर थाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर डीजे को बंद कराया गया। तथा डीजे संचालक व चालक के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए डीजे जप्त कर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रतिबंधित वैधानिक कार्रवाई कर प्रकरण पंजीवद्ध किया गया। डीजे की तेज आबाज बच्चो, बुजुर्गों के स्वास्थ पर हानिकारक व विपरीत प्रभाव डाल सकती थी।

पुलिस ने रितेन्द्र धनगर रायसिंह धनगर उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम हरनावदा थाना जावर जिला सीहोर, महिपाल कुशवाहा पिता अनूप सिंह कुशवाहा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम गढ़ खजुरिया थाना पीपलरावा जिला देवास पर कार्रवाई करते हुए डीजे वाहन जब्त किया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि परीक्षाओ व आमजन, बुजुर्ग, बच्चों के स्वास्थ के मद्देनजर ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का पालन करें, अन्यथा उल्लंघन करने पर विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## हिन्दू उत्सव समिति ने मां कर्मा देवी जयंती शोभायात्रा का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भक्ति, सेवा और समर्पण की मूर्ति, भगवान श्री कृष्ण की अनन्य उपासक, भक्त शिरोमणि मां कर्मादेवी जयंती की शोभायात्रा जुलूस,बड़े धूमधाम से बेंड बाजों के साथ, स्थानीय साहू समाज द्वारा पूरे नगर में उत्साह पूर्वक निकाला गया। मुकाती की बावड़ी के सामने,हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह मुकाती भुरू भाई के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठ प्रेम मामा राय, संजय सोनी बंटू, डॉ, राजेन्द्र जैन, प्रदीप राठौर, संतोष जायसवाल, बंटी जायसवाल, महेन्द्र सिंह ठाकुर,सूरजसिंह ठाकुर, हरित मुकाती, इंदरसिंह परमार, मुकेश लोधी द्वारा पुष्पमाला व साहू समाज अध्यक्ष जितेंद्र साहू, राजकुमार साहू,मनोहर जी साहू का साफा बांधकर सम्मान किया। जुलूस ने साहू गार्डन सेमनरी रोड पर आमसभा का रूप ले लिया।

### मोहन पाराशर ने जीता स्वर्ण पदक



**सीहोर।** कुछ करने और सफल होने की कोई उम्र नहीं होती। 66 वर्षीय वेट लिफ्टिर मोहन पाराशर ने इस बात को सच कर दिखाया है। उन्होंने मात्र 13 साल की आयु में वेट लिफ्टिंग शुरू की। अब 66 की उम्र में हरियाणा के लोहारू में खेली जाने वाली मास्टर्स वेटलिफ्टिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर एकबार फिर खुद को साबित किया है। वह अब तक छह बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और पांच बार राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड हासिल कर सीहोर जिले का नाम विश्व में रोशन कर चुके है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा के लोहारू में मास्टर्स वेटलिफ्टिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 66 वर्षीय वेट लिफ्टिर मोहन पाराशर ने 135 किलोग्राम वजन उठाकर प्रतियोगिता के 65 से 69 आयु वर्ग और 95 किलोग्राम शरीर भार में गोल्ड हासिल किया। इससे पहले तीन बार विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं एवं दो स्वर्ण पदक कॉमनवेल्थ में एवं एक स्वर्ण पदक एशियन गेम्स में प्राप्त कर चुके हैं। 66 वर्षीय मोहन पाराशर का कहना है जब तक जीवित हूं देश को पदक दिलाने का प्रयास करता रहूंगा। मात्र 13 साल की उम्र में जिला स्तर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक गोल्ड हासिल करने वाले 66 वर्षीय वेट लिफ्टिर मोहन पाराशर ने ग्राम बिलकिसगंज का नाम विश्व पटल में रोशन किया है।

## जावर पुलिस ने कार्रवाई कर पकड़ी 27 हजार की अवैध देशी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा अवैध शराब के परिवहन पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत और दामोदर गुप्ता एसडीओपी आष्टा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावर उपुअ हेमंत पांडेय के नेतृत्व में थाना जावर पुलिस द्वारा मुखबीर सुचना पर भाटीखेड़ा, बनखेड़ा और मेहतवाड़ा तिराहा कच्चा रोड मेहतवाड़ा से एक व्यक्तियों के अवैध शराब रखे पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वही करण सोलंकी पिता दिनेश सोलंकी नि. ईमलीपुरा मेहतवाडा थाना जावर जिला सीहोर को गिरफ्तार कर 8 पेटी देशी प्लेन शराब 69 लीटर 120 एमएल कीमती 26880 जब्त की। उक्त कार्रवाई में उपुअ हेमंत पांडेय, उनि बीरमलाल वर्मा, आर 765 नरेन्द्र, आर 624 मनोज, आर 156 राहुल सुर्यवंशी, सैनिक 226 बनेसिह थाना जावर पुलिस की सराहनीय भूमिका रही।

## न कोई हारा न कोई जीताः लोक अदालत में रखे 607 प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




न्यायालय परिसर में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार नेशनल लोक अदालत की शुरूआत अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश विजय डांगी न्यायाधीश महेश कुमार चौहान, न्यायाधीश नदीम जावेद खान, न्यायाधीश ऋचा शर्मा, ऋचा जैन ने माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का प्रारंभ किया। लंबित प्रकरणों में न्यायाधीश महेश कुमार चौहान द्वारा विद्युत प्री लिटिगेशन के 607 प्रकरण निराकरण के लिए रखे गए थे। जिसमें से राजीनामा अनुसार 607 प्रकरणों का निराकरण हुआ। जिसमें 1214 पक्षकारगण को 55,31,000 रुपये का लाभ हुआ। न्यायालय के कुल 58 प्रकरण रखे गए थे जिनमें से 58 प्रकरणों निराकरण हुआ जिसमें 146 पक्षकारों को 40,94,500 का लाभ हुआ।

न्यायाधीश विजय डांगी के न्यायालय में 124 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे जिसमें से 13 प्रकरण निराकृत हुए तथा 41 पक्षकारगण को 20,28,187 का लाभ प्राप्त हुआ। इसी प्रकार न्यायाधीश नदीम जावेद खान के न्यायालय में बैंक प्री लिटिगेशन के कुल 7 प्रकरण जिसमें से 7 का निराकरण हुआ और 7 पक्षकारगण को 447400 राशि राजीनामा अनुसार जमा कराई गई। न्यायालय के कुल 101 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे जिसमें ने 101 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 158 पक्षकार 12,19,900 रुपये लाभान्वित हुए। न्यायाधीश ऋचा शर्मा के न्यायालय में 97 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे जिसमें से 90 प्रकरण निराकृत हुए तथा 128 पक्षकारगण को 11,33,000 रुपये का लाभ प्राप्त हुआ। न्यायाधीश ऋचा जैन के न्यायालय में प्री लिटिगेशन के संपत्तिकर जलकर के कुल 99 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 99 पक्षकारगण 8, 93, 597 रुपये जमा कराये गये एवं न्यायालय के कुल 324 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे जिसमें से 52 प्रकरण निराकृत हुए तथा 139 पक्षकारगण को 20, 39, 319 रुपए का लाभ प्राप्त हुआ।

## साहू समाज ने मां कर्मादेवी जयंती पर नगर में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



साहू समाज आष्टा द्वारा रविवार को साहू समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष राजकुमार साहू के नेतृत्व में आराध्य देवी मां भक्त शिरोमणि कर्मा देवी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर मां कर्मादेवी जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए एवं साहू समाज के सभी भाईयों बहनों को कर्मा देवी जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

साहू समाज धर्मशाला में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,पूर्व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती का साहू समाज के अध्यक्ष राजकुमार साहू,पूर्व अध्यक्ष कमलेश साहू, जितेन्द्र साहू, मनोहर साहू, अनन्त साहू सहित सभी समाज बंधुओं ने भव्य अगवानी कर विधायक का स्वागत सम्मान किया। मां कर्मादेवी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज साहू समाज के आधार स्तम्भ स्वर्गीय मांगीलाल साहू को समाज को संगठित कर उसके विकास के लिये उन्होंने जो कार्य किए उनेह याद करते हुए वर्तमान अध्यक्ष राजकुमार साहू को आश्वासन दिया कि समाज के लिये जब भी,जहाँ भी मेरी आवश्यकता हो,आप मुझे याद करे आपका विधायक आपके साथ खड़ा मिलेगा। कर्मादेवी जयंती पर नगर पुरोहित मनीष पाठक,दीपेश पाठक द्वारा हवन,व अन्य धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न कराये गये। विधायक द्वारा इस अवसर पर माँ कर्मादेवी एवं भगवान श्रीकृष्ण जी को पुष्पमाला पहनकर उनेह नमन कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके पूर्व प्रातः साहू समाज धर्मशाला से शोभायात्रा निकली जिसका नगर में स्वागत, सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने साहू समाज का नेतृत्व कर रहे समाज अध्यक्ष राजकुमार साहू का स्वागत सम्मान कर उनेह एवं समाज के सभी बंधुओं को कर्मादेवी जयंती की बधाई शुभकामनाएं दी। रात्रि में साहू समाज धर्मशाला में समाज के प्रतिभाशाली विधायर्थियो एवं समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह एवं भजन संध्या आयोजित की गई।

### धूमधाम के साथ भागवत कथा में मनाया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

# अहंकार, बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता हैः उद्धव दास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के शिष्य महंत उद्धव दास महाराज ने कहाकि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार, बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था।

भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। उन्होंने कहाकि भगवान की लीला अपरंपार है। वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्य व देवताओं के धर्मानुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है आवश्यकता है निर्मल मन ओर स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की। भागवत श्रवण से मनुष्य को परमानन्द की प्राप्ति होती है। भागवत श्रवण प्रेतयोनि से मुक्ति मिलती है। चित्त की स्थिरता के साथ ही श्रीमदभागवत कथा सुननी चाहिए। भागवत श्रवण मनुष्य के संपूर्ण कलेश को दूर कर भक्ति की ओर अग्रसर करती है। जायसवाल परिवार के औंकार प्रसाद जायसवाल एवं समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन तत्वाधान में शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा नियमित रूप से दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक जारी रहती है। जायसवाल परिवार ने सभी क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की।

कथा के चौथे दिवस उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म से पहले सूर्यवंश के राजाओं का वर्णन सुनाया। राजा अमरीश, राजा मांधाता, राजा हरिशचंद्र, महाराज सगर, राजा असमंजस, राजा अंशुमान, राजा दलीप, राजा भागीरथ जो गंगा को लाया। गंगा अवतरण के प्रसंग में बताया कि गंगा ने राजा सगर के पुत्रों का उद्धार किया। राजा दलीप के नंदनी गाय की कृप्या से राजा रघु इनका पुत्र अज के राजा दशरथ और महाराजा दशरथ के राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन का जन्म हुआ। बाद में रामचरित्र का वर्णन सुनाया। इन्हीं के साथ भगवान परशुराम का वर्णन सुनाया जिन्होंने पूरी पृथ्वी जीत कर वापस क्षत्रियों को राज सौंप दिया। वसुदेव की पत्नी देवकी के यहां कंस की कारागार में श्रीकृष्ण अवतार हुए जो प्रभु सारे संसार का आधार है। वासुदेव ने देखा एक अद्भुत बालक पैदा हुआ भगवान अनुभव से ही समझ में आते हैं। भगवान आत्मारूप में बुद्धियों को दृष्टा और प्रेरक है। श्रीकृष्ण ने अपना दिव्य रूप दिखाया तथा तुरंत शिशु रूप हो गए। अंधेरी रात्रि को यमुना से निकल कर वासुदेव के द्वारा श्रीकृष्ण को गोकुल में नंद के के यहां पहुंचाया।

## मां कर्मा बाई की भक्ति सदियों तक याद की जाएगी : परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मां कर्मा बाई ने अपनी अनन्य भक्ति से भगवान श्री कृष्ण को रिझाया। भक्ति में बड़ी शक्ति होती है। मां कर्मा बाई ने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा में समर्पित किया। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने चल समारोह में समाज अध्यक्ष राजकुमार साहू एवं अन्य पदाधिकारियों का दुपट्टा एवं माला पहनाकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि मॉ कर्मा बाई के आदर्श एवं विचार जीवनपर्यंत प्रेरणादायी रहेंगे। उन्होने सौलहवी सदी में एक महिला होते हुए भक्ति की ऐसी अलख जगाई की संपूर्ण भारत एवं विश्व में उनका नाम भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त के रूप में स्थापित हुआ। सदियों से उनके आदर्श एवं विचारो का समाज द्वारा अनुकरण किया जा रहा हैं। उक्त आशय के उद्गार पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने स्थानीय साहू समाज द्वारा मॉ कर्मा बाई के जन्म जयंती कार्यक्रम में चल समारोह का स्वागत करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप प्रगति, सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण सिंह मुकाती भूरू, वीरेन्द्र परमार एडवोकेट, पल्लव प्रगति एडवोकेट, शुभम शर्मा आदि ने स्वागत किया।